an>

Title: Need to establish a Sainik School in Jhunjhunu district, Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): मैं सरकार का ध्यान जिला झुन्झुनू (राजस्थान) में स्वीकृत सैनिक स्कूल की तरफ आकृष्ट करना चाहती हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र झुन्झुनू से देश की सेना में सैनिकों की संख्या सर्वाधिक है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने झुन्झुनू में सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की थी तथा इसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई , मगर आवंटन नहीं हुआ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि झुन्झुनू के नौजवानों की सेना में बढ़ती रूचि को ध्यान में रखते हुए अविलम्ब झुन्झूनू में सैनिक स्कूल खोलने की व्यवस्था की जाए।